**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

**सूचना / विज्ञप्ति**

**उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस / पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत**
**अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण के आयोजन की सूचना**

संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16) / 2023(टीम–6) दिनांकः मार्च 12, 2026

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस / पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 हेतु विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16) / 2023, दिनांक 12–12–2023 द्वारा एवं उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाडियों की सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(19) / 2023, दिनांक 19–12–2023 द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त क्रम में बोर्ड की सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16) / 2023 (भाग–3), दिनांकित 03–11–2025 द्वारा उक्त भर्ती के अन्तर्गत **खेल विधा–"एथलेटिक्स" एवं "कासकन्ट्री"** में प्राप्त आवेदन पत्रों की आरम्भिक स्कूटनी (Initial scrutiny) के उपरान्त अग्रिम प्रकिया के लिए पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन बोर्ड की वेबसाइट पर किया गया है।

**2–** तदनुक्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उक्त भर्ती अन्तर्गत **खेल विधा–"एथलेटिक्स" एवं "कासकन्ट्री"** के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल का परीक्षण निम्नानुसार कराये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

| क0सं0 | खेल | निर्धारित स्थल | निर्धारित तिथि / समय<br>प्रातः 7:30 बजे |
|---|---|---|---|
| 1 | एथलेक्टिस | 35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर, लखनऊ | 1–थ्रो एवं जम्प इवेंट–22.03.2026 से 25.03.2026<br>2–रनिंग इवेंट–28.03.2026 से 31.03.2026<br>3–मैराथन–28.03.2026 से 29.03.2026 |
| 2 | कासकन्ट्री | 35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर, लखनऊ | 27.03.2026 से 28.03.2026 |

**3–** **खेल विधा–"एथलेटिक्स" एवं "कासकन्ट्री"** के अभ्यर्थियों के **"अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण"** के **"प्रवेश पत्र"** बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर अपलोड किये जा रहे हैं।

**4–** अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गये लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके अपने प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थान पर कलर फोटो चिपका कर अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि / समय पर प्रवेश पत्र एवं प्रवेश पत्र में अंकित मूल अभिलेखों / प्रमाण पत्रों व आधार कार्ड के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेगें। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह अपने प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशें का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित परीक्षण स्थान पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिचित करें। खेल कौशल परीक्षण के दौरान स्टेरायड्स / उत्तेजक / नशीला पदार्थ / प्रतिरूपण (Impersonation) का प्रयोग करने पर परीक्षा से डीबार करते हुये विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**5–** अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर **महत्वपूर्ण निर्देशों** हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

**अपर सचिव (प्रोन्नति)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**